हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 28 मार्च 2026

06 रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में नगर में निकाला...



07 मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की रथ यात्रा शहर की सड़कों पर निकली





## समाचार संक्षेप

### नगर पालिका टीम द्वारा अमानक पालिथिन की जांच

**गुना।** नगर पालिका परिषद गुना की अध्यक्ष के निर्देश एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के आदेश अनुसार विवेक श्रीवास्तव स्वच्छता निरीक्षक और उनकी टीम द्वारा नगरीय क्षेत्र की दुकानों पर प्रतिदिन अमानक पॉलीथिन की जांच की जा रही है, इसी क्रम में दिनांक 27 मार्च को भुल्लनपुरा चौराहा बजरंगगढ़ रोड स्थित पप्पू किराना स्टोर से अमानक पॉलीथिन बेचते और उपयोग करते पाए जाने पर उक्त दुकान से 7 किलो 500 ग्राम अमानक पॉलिथीन जप्त करते हुए दुकान मालिक के विरुद्ध 2000/- का अर्थ दंड अधिरोपित किया गया है। साथ ही दुकान मालिक को कड़ी चेतावनी दी गई है कि अगर आपके द्वारा उक्त कृत्य की पुनरावृत्ति की जाती है तो आपके विरुद्ध और अधिक कड़ी कार्रवाई करते हुए राशि 5000/- रुपए का अर्थ दंड अधिरोपित किया जावेगा। नगर पालिका द्वारा नगरीय क्षेत्र के समस्त नागरिको से विनम्र अपील की जाती है कि अमानक पॉलिथीन के स्थान पर मक्के के छिलकों से बनी हुई बायोडिग्रेडेबल थैली का उपयोग करें क्योंकि इस थैली से पर्यावरण को कोई हानि नहीं पहुंचती है और अगर इस थैली को जानवर भी खा लेते हैं तो उन्हें कोई नुकसान नहीं होता है।



### पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में पक्षियों के लिए जल व्यवस्था मानवीय पहल

**गुना।** भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए पशु-पक्षियों के संरक्षण एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस कंट्रोल रूम एवं पुलिस लाइन गुना में पक्षियों के लिए पानी की समुचित व्यवस्था की गई है। इस पहल के तहत 27 मार्च 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर, पुलिस लाइन एवं कंट्रोल रूम के विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए सकोरे (मिट्टी के बर्तन) में पानी भरकर रखे गए हैं, ताकि गर्मी के मौसम में प्यास से व्याकुल पक्षियों को राहत मिल सके। इस कार्य में पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्टाफ, पुलिस लाइन स्टाफ, कंट्रोल रूम स्टाफ एवं वन विभाग स्टाफ द्वारा सक्रिय सहभागिता निभाई गई। सभी कर्मचारियों ने इस मानवीय कार्य में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नियमित रूप से सकोरों में पानी भरने की जिम्मेदारी भी ली। पुलिस अधीक्षक वासल ने इस अवसर पर कहा कि भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना एक छोटी लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है, जिससे जीवों के प्रति हमारी संवेदनशीलता प्रकट होती है। उन्होंने सभी से अपने घरों एवं आसपास भी पक्षियों के लिए पानी रखने की अपील की।



### पुलिस की तत्परता से गुम बालक को सुरक्षित परिजनों से मिलाया

**गुना।** गुना पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा एवं सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सिद्ध करते हुए एक सराहनीय कार्य किया गया। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में कार्य करते हुए कैंट थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक गुम हुए मासूम बालक को सुरक्षित खोजकर उसके परिजनों के सुपुर्द किया। गत दिनांक 26 मार्च 2026 को कैंट थाना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मावन से एक 05 वर्षीय नाबालिग बालक, अपने घर से बिना बताए कहीं चला गया है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस द्वारा तत्काल सक्रियता दिखाते हुए बालक की तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा सतर्कता एवं सजगता के साथ क्षेत्र में पतारसी कर बालक को सुरक्षित ढूंढ निकाला गया। तत्पश्चात बालक को थाना परिसर लाकर उसके पिता धर्मेंद्र प्रजापति एवं दादा वीरभान प्रजापति को विधिवत सुपुर्द किया गया। अपने गुम हुए बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा गुना पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। यह कार्यवाही पुलिस की संवेदनशीलता, तत्परता एवं जनसेवा के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, उप निरीक्षक कुशल पाल एवं आरक्षक देवेंद्र रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही है।

### आंगनबाड़ी केंद्र नए भवन में शिफ्ट

**गुना।** 27 मार्च को ग्राम पंचायत बावड़ी खेड़ा के ग्राम मामला में नए आंगनबाड़ी भवन के तैयार होने के बावजूद केंद्र के जर्जर स्कूल भवन में संचालित होने और बच्चों की सुरक्षा पर खतरा बने रहने संबंधी समाचार प्रकाशित किया गया था। प्रकाशित समाचार का संज्ञान लेते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। निर्देशों के पालन में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अब्दुल गफ्फार द्वारा सेक्टर पर्यवेक्षक अंजली जाटव को मौके पर जांच एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ग्राम मामला भेजा गया। सेक्टर पर्यवेक्षक अंजली जाटव ने ग्राम में पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करते हुए आंगनबाड़ी केंद्र को नए भवन में शिफ्ट कराया तथा वहां केंद्र का संचालन भी प्रारंभ करवा दिया।

## श्रीराम जन्मोत्सव पर राममय हुआ शहर


# मंदिरों में महाआरती हुई, रघुवंशी समाज ने शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर सहित अंचल भर में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का पर्व श्रीरामनवमी धूमधाम से मनाया है। इस मौके पर घरों से लेकर मंदिरों तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। शहर के टेकरी, बूढ़े बालाजी, पंचमुखी हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह पूजा-अर्चना के बाद दोपहर ठीक 12 बजे महाआरती कर, भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी... स्तुति का गान कर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। वहीं शहर में रघुवंशी समाज द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इससे पूर्व प्रताप छात्रावास में अखंड रामायण पाठ के पूर्ण होने पर हवन पूजन व पूर्णाहुति की गई एवं दोपहर 12 बजे महाआरती संपन्न होने के बाद शोभायात्रा प्रारंभ हुई। चलसमारोह प्रताप छात्रावास से प्रारंभ होकर जगदीश कालोनी, हाट रोड, सदर बाजार जयस्तंभ चौराहा होते हुए हनुमान चौराहा से पुनः प्रताप छात्रावास पहुंचकर संपत्र हुआ। इसके अलावा शहर के विभिन्न मंदिरों पर हवन पूजन व भंडारे आयोजित किए गए हैं। इसी के साथ चैत्र नवरात्र पर्व का समापन भी हुआ। इस मौके पर घर-घर कन्यापूजन एवं कन्या भोज के आयोजन किए गए। पंचमुखी हनुमान मंदिर पर विशाल भंडारा, वहीं शाम को 5100 दीपों के साथ महाआरती की जाएगी।रामनवमी पर्व के दौरान जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हितिका वासल द्वारा समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विशेष ब्रीफिंग ली गई। ब्रीफिंग के दौरान एसपी वासल ने सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिस बल को निर्देशित किया कि पर्व के दौरान संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों, जुलूसों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए तथा निरंतर पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए एवं किसी भी प्रकार की अफवाहों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए स्थिति को नियंत्रित किया जाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा बल को समझाइश दी कि आमजन के साथ सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार रखें एवं उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाएं, जिससे पर्व शांतिपूर्ण संपन्न हो सके।









## कलेक्टर ने वीडियो संदेश जारी किया और बताया पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता का गणित

# अफवाह बनाम हकीकतः पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं, पैनिक से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मैथिल ओझा समाज जिला गुना द्वारा आयोजित निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन ए.बी. रोड स्थित मणिधारी गार्डन में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश से आए कुल 24 जोड़ों का विधि-विधान से विवाह कराया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रेस क्लब गुना के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढ़ा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि "आज आप सभी मेरी 24 बहनों के विवाह सम्मेलन में शामिल हुए, इसके लिए मैं आप सभी का धन्यवाद देता हूँ।

ओझा मित्र मंडल द्वारा किया गया यह आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित है। भगवान विश्वकर्मा जी के आशीर्वाद से हमारी घोषणाएं फलीभूत हो रही हैं और समाज के कार्यों में मेरा सहयोग सदैव बना रहेगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में की गई तीन घोषणाओं में से एक इस आयोजन के माध्यम से पूरी हो गई है और वे चाहते हैं कि हर वर्ष चैत्र नवरात्रि की अष्टमी-नवमी पर इस प्रकार का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएं। इस प्रेरणादाई आयोजन के लिए मुख्य आशीर्वाद प्रदाता के रूप में केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। विशिष्ट अतिथियों में धर्मेंद्र सिकरवार (भाजपा जिला अध्यक्ष), शिवराज ओझा (भोपाल), हेमंत ओझा (शिवपुरी) एवं भूमानीदीन विश्वकर्मा (छतरपुर) की उपस्थिति रही।कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि मुख्य अतिथि आनंद सिंह लोढ़ा द्वारा मणिधारी गार्डन निशुल्क उपलब्ध कराया गया तथा सभी नवविवाहित जोड़ों को उपहार स्वरूप अलमारियां भेंट की गईं। कार्यक्रम स्थल पर विशाल शामियाना लगाया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। मंच पर समाज के वरिष्ठ जन एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद थे, जिन्होंने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद दिया। इस आयोजन का सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका ओझा समाज मित्र मंडल एवं सेवा समिति, जिला गुना द्वारा निभाई गई। सम्मेलन में वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया गया और समाज में एकता, सहयोग व सामाजिक सरोकार का मजबूत संदेश दिया गया। इस मौके पर समाज जनों ने आनंद सिंह लोढ़ा के द्वारा किए गए परोपकार के कार्यों को लेकर उनका आभार व्यक्त किया।





# जज्जी बस स्टैंड पर ट्रैफिक पुलिस की सघन चेकिंग

**■ 4 बसों पर 12,000 का बनाया चालान ■**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा डीएसपी ट्रैफिक मुकेश कुमार दीक्षित के सतत पर्यवेक्षण में टीआई ट्रैफिक अजय प्रताप सिंह द्वारा ट्रैफिक अमले के साथ जज्जी बस स्टैंड पर बसों की विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।चेकिंग के दौरान बसों के फिटनेस, परमिट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। इस दौरान 4 बसों के दस्तावेज अद्यतन नहीं पाए गए, जिनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कुल 12,000 का चालान किया गया।यह कार्यवाही दंडात्मक होने के साथ-साथ जिम्मेदारी का एहसास कराने के उद्देश्य से की गई, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही से दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके।अभियान के दौरान बस संचालकों एवं चालकों को समझाइश दी गई कि वे अपने सभी दस्तावेज समय पर अद्यतन रखें, शराब पीकर वाहन न चलाएं और ओवरलोडिंग से बचें। साथ ही वाहन की गति नियंत्रित रखने के निर्देश भी दिए गए।पुलिस ने स्पष्ट किया कि वाहन चालकों की जिम्मेदारी केवल वाहन संचालन तक सीमित नहीं है, बल्कि यात्रियों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाना भी उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। याद रखिए—आपकी सावधानी ही किसी परिवार की मुस्कान बचा सकती है।



## मासूम की सांसों पर संकटः मां ने फंदा लगाया, 10 माह की बच्ची की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के नानाखेड़ी इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी, लेकिन उससे पहले अपनी 10 माह की मासूम बच्ची को भी मौत के मुंह में धकेलने की कोशिश की। बच्ची के मुंह और नाक में रुई ठूंसे जाने के कारण उसकी हालत बिगड़ गई और उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और अस्पताल में दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बन गई जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय कीर्ति कुशवाह की शादी नानाखेड़ी निवासी नीतीश से हुई थी। दोनों की एक 10 महीने की बेटी है, जो अब जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। बताया जा रहा है कि शादी के शुरुआती समय में सब कुछ सामान्य था, लेकिन बीते कुछ महीनों से पति-पत्नी के बीच लगातार विवाद हो रहे थे। घर पर करीब एक लाख रुपए का बिजली बिल बकाया होने के कारण कनेक्शन काट दिया गया था, जिसे लेकर भी तनाव बढ़ गया था।घटना वाले दिन सुबह कीर्ति ने अपनी जेठानी के साथ पूजा की और फिर बच्ची को खाना खिलाने लगी। कुछ देर बाद जेठानी मंदिर चली गई। इसी दौरान कीर्ति ने मासूम के मुंह और नाक में रुई भर दी और खुद कमरे में फंदा लगाकर झूल गई। जब जेठानी वापस लौटी तो कीर्ति फंदे पर लटकी मिली, जबकि बच्ची जमीन पर बेसुध पड़ी थी। पड़ोसियों की मदद से महिला को नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं बच्ची को तुरंत भर्ती कर उपचार शुरू किया गया, उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद अस्पताल में ससुराल और मायके पक्ष आमने-सामने आ गए। जहां ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, वहीं मायके पक्ष ने प्रताड़ना और मारपीट के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल सबकी निगाहें उस मासूम पर टिकी हैं, जिसकी सांसों के साथ अब कई सवाल भी जुड़े हुए हैं।



## गुना में महिला कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष संगीता कांकरिया का प्रथम आगमन, हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर में पहली बार कांग्रेस सेवा दल महिला प्रदेश अध्यक्ष संगीता कांकरिया के आगमन पर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राजीव भवन में जिला सेवा दल द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं महिला शक्ति उपस्थित रही।कार्यक्रम में चंबल प्रभारी मंजू गौतम, जिला सेवा दल अध्यक्ष राजू कोरी, यंग बी ग्रेड सेवा दल जिला अध्यक्ष मोहित शर्मा, नगर पालिका प्रतिपक्ष नेता शेखर वशिष्ठ, शहर अध्यक्ष रजनी शर्मा, पंकज कनेरिया सहित कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष सीमा यादव, पर्वत यादव, रेखा शर्मा एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष संगीता कांकरिया ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि समाज में पुरुष वर्ग को महिलाओं का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार उन्होंने अपनी पत्नी को शिक्षित कर समाज में पहचान दिलाई, उसी तरह हर महिला को परिवार से समर्थन मिलना चाहिए।उन्होंने संदेश दिया कि पिता, भाई और बेटे महिलाओं की ताकत बनें, ताकि महिलाएं आगे बढ़ सकें और अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा सकें। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं में उत्साह और जागरूकता का माहौल देखने को मिला।




## पीजी कॉलेज में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

# भूकंप आपदा जोखिम न्यूनिकरण पर दिया गया विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को पीजी कॉलेज गुना में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया1 जिसमें भूकंप आपदा जोखिम न्यूनिकरण विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया, होमगार्ड कमांडेंट श्री आरके पथरोल, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े हितधारक उपस्थित रहे।कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों द्वारा भूकंप के कारण, उसके प्रभाव तथा उससे बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि भूकंप के दौरान किस प्रकार सतर्कता बरतनी चाहिए तथा सुरक्षित स्थानों का चयन कैसे किया जाए। साथ ही आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया (रिस्पॉन्स) और राहत कार्यों के समन्वय पर भी चर्चा की गई।कार्यशाला में प्रतिभागियों को आपातकालीन स्थिति में सही निर्णय लेने और राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि समय रहते जागरूकता और तैयारी ही जन-धन की हानि को कम कर सकती है।

कार्यशाला में भूकंप के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि भूकंप आने पर घबराएं नहीं, तुरंत सुरक्षित स्थान जैसे मजबूत टेबल या दरवाजे के नीचे शरण लें, बिजली के उपकरणों से दूर रहें और खुले स्थान में चले जाएं। ऊंची इमारतों, पेड़ों एवं बिजली के खंभों से दूरी बनाए रखना आवश्यक है।इसके अलावा, भूकंप से पहले और बाद में किए जाने वाले उपायों की भी जानकारी दी गई। घरों एवं भवनों को भूकंपरोधी बनाने, आपातकालीन किट तैयार रखने तथा परिवार के सदस्यों को आपदा के समय की योजना से अवगत कराने पर जोर दिया गया।



### आटो की टक्कर से बाइक सवार विधायक पुत्र घायल

श्योपुर। विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा का पुत्र नितिन मल्होत्रा बीती रात को उस समय ऑटो की टक्कर से घायल हो गया,जब वह बाइक पर सवार होकर पनवाडा मेला से कराहल की तरफ लौट रहा था। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए विधायक पुत्र को कराहल अस्पताल से रैफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि परिजन नितिन को इलाज के लिए पहले शिवपुरी और फिर ग्वालियर ले गए है। यह हादसा गुरूवार की रात पौने नौ बजे उस समय घटित हुआ,जब नितिन मल्होत्रा पनवाडा माता मंदिर पर आयोजित मेले को देखकर वापस कराहल लौट रहा था,। शंकरपुर गांव के नजदीक उसकी बाइक की ऑटो से भिडंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार नितिन मल्होत्रा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

## समाचार संक्षेप

### चाचौड़ा-बीनागंज में रामनवमी पर निकला भव्य चल समारोह, श्रद्धा और उत्साह का उमड़ा सैलाब

चाचौड़ा। रामनवमी के पावन अवसर पर नगर चाचौड़ा-बीनागंज में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। चंदेल समाज के तत्वावधान में भगवान श्री राम का भव्य चल समारोह सदर बाजार से प्रारंभ होकर पूरे नगर में धूमधाम से निकाला गया।चल समारोह में भगवान श्री राम की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर समाजजनों एवं नागरिकों द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया तथा पुष्प वर्षा कर सम्मान प्रकट किया गया। घर-घर पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था प्रकट की।जुलूस के दौरान "जय श्रीराम" के जयघोष से पूरा नगर गूंज उठा। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।इस अवसर पर नगर परिषद बीनागंज की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता प्रदीप कुमार नाटानी द्वारा चल समारोह का भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने साफा (पगड़ी) पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का सम्मान किया।वार्ड 15 के पार्षद राजेश खटीक ने भी इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय एवं समस्त चंदेल समाज को रामनवमी के इस भव्य आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता और संस्कारों को मजबूत करते हैं।वक्ताओं ने कहा कि भगवान श्री राम का जीवन हमें सत्य, मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही एक सशक्त और संस्कारित समाज का निर्माण संभव है।अंत में सभी श्रद्धालुओं ने ईश्वर से प्रार्थना की कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।





### चाचौड़ा में 200 महिलाओं को मिला कौशल प्रशिक्षण, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा कदम



चाचौड़ा। क्षेत्र में विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू (**DNT**) समुदाय की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक सराहनीय पहल की गई है। **Center for Advanced Research and Development** (**CARD**) द्वारा संचालित सीड परियोजना के तहत फरवरी से मार्च 2026 के बीच 200 महिलाओं को विभिन्न व्यावसायिक कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया।यह प्रशिक्षण चाचौड़ा और कुंभराज जनपद के मेरियाखेड़ी, लीलवेह खुर्द, बरखेड़ी माफी, तलावड़ा मेड़ा, हरिपुरा और बंजारी खुर्द गांवों में सात बैचों में आयोजित किया गया। महिलाओं को सेल्फ एम्प्लॉयड टेलर और ब्यूटी एंड वेलनेस क्षेत्र में रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग पद्धति से प्रशिक्षित किया गया।प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और बेसिक टूल किट वितरित की गई, जिससे वे स्वरोजगार शुरू कर सकें। सभी महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं, और इस पहल का उद्देश्य उनके कौशल को आय के साधन में बदलना है।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को बाजार की मांग और भविष्य की संभावनाओं की जानकारी भी दी गई। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे प्रयास महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में भी सहायक हैं।इस योजना के सफल संचालन में कार्ड स्किल सेल के कपिल दुबे, जिला समन्वयक हेमंत श्रीवास्तव और फील्ड कोऑर्डिनेटर अंकिता शर्मा का विशेष योगदान रहा।

# रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में नगर में निकाला गया भव्य चल समारोह

## मंदिरों को भव्य और आकर्षक ढंग से सजाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में नगर में श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर नगर के सभी मंदिरों को भव्य एवं आकर्षक ढंग से सजाया गया। नगर को भी भव्य सजायाया श्री दास हनुमान मंदिर से सकल रघुवंशी समाज के तत्वावधान में भगवान रामलला के छायाचित्र को सुसज्जित रथ में विराजमान कर भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह की शुरुआत सुबह 9 बजे भगवान रामलला की पूजा-अर्चना, आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुई। इस दौरान रथ को विशेष रूप से सजाया गया था। बुंदेलखंडी ढपला, रमतुला, बाहर से आए बैंड-बाजों, ढोल-धमाकों, तोपों की गूंज एवं अखाड़े में भी युवाओं ने करतब बाजी दिखाते हुए,फूलों की वर्षा के बीच हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु नाचते-गाते और "जय श्री राम" के जयकारे लगाते हुए मुख्य बाजार की सड़कों से होते हुए श्री सनकादिक आश्रम पहुंचे। चल समारोह के दौरान नगर के विभिन्न समाजों द्वारा पालकी की आरती उतारकर पुष्प वर्षा की गई तथा समाज प्रमुखों को स्वाफा बांधकर सम्मान किया जाकर श्रद्धालुओं का फूल-मालाओं और ठंडाई पिलाकर भव्य स्वागत किया गया।सबसे खास बात हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल कायम कर मुस्लिम कोमी एकता ने सभी पर फूल बरसाए एवं समाज प्रमुखों को माला पहनाई इसके बाद निर्धारित समय दोपहर 12 बजे भगवान रामलला के जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई। पुजारी जी द्वारा भगवान को छप्पन प्रकार के भोग अर्पित कर आरती की गई।इस अवसर पर संकादिचार्य पप्पू महाराज ईश्वर दास,एवं सोनेरा पहाड़ से पधारे श्याम दास महाराज जी का तिलक लगाकर एवं फूल-माला पहनाकर सम्मान किया गया। उपस्थित युवाओं ने संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर आयोजन का समापन किया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ में क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने श्री दास हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा उपस्थित सभी लोगों को रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग तथा नगर के विभिन्न समाजों के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## विधिक साक्षरता शिविर में न्यायाधीश ने लोगों को दी महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

नगर में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार पैरालीगल वॉलिंटियर घनश्याम बीलरवान, महेश शर्मा, एवं अर्चना जादौन द्वारा आमजन को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया गया।पहला शिविर बरखेड़ी मेवाती वार्ड क्रमांक 12 स्थित शासकीय विद्यालय में आयोजित किया गया। जहां माननीय व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ खंड शिवांगी श्रीवास्तव ने उपस्थित होकर लोगों को कानून से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने नागरिकों को उनके मौलिक अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के तरीके एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक लियाक़त खान, वार्ड पार्षद अशोक मीना, शहर काजी अनीस रहमानी, समाजसेवी फिरोजुद्दीन पाशा, अस्फाक खान, मुज्जी खान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।इसी क्रम में दूसरा शिविर ग्राम बावड़ीखेड़ा वार्ड क्रमांक 14 में आयोजित किया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद गोलू लोधा, समाजसेविका सपना साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका तथा पीएलवी आदर्श श्रीवास्तव, अक्षय जैन, शिशुपाल कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं एवं बच्चियां उपस्थित रहीं। यहां भी लोगों को कानून संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया गया।इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन को विधिक रूप से सशक्त बनाना एवं उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा।



## भगवान महावीर जयंती का अवकाश 30 मार्च को घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़


जैन धर्म के 24 में तीर्थंकर अहिंसा के अवतार भगवान महावीर का जन्मोत्सव सारे देश में चैत्र शुक्ल त्रयोदशी 30 मार्च को मनाया जाएगा। भारत सरकार एवं राज्य सरकारों ने इस वर्ष महावीर जयंती का शासकीय अवकाश 31 मार्च को घोषित किया है। सारे देश में जैन समाज द्वारा मांग की जा रही है कि महावीर जयंती का अवकाश 31 मार्च के स्थान पर 30 मार्च को घोषित किया जाए। सकल दिगंबर जैन समाज राघोगढ़ की ओर से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम ज्ञापन राघौगढ़ में तहसीलदार अनुराग जैन को सोंपा। ज्ञापन देने वालों में भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं जैन समाज ट्रस्ट कमेटी के मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार जैन, ट्रस्ट कमेटी के मंत्री अमित जैन रानू, सह मंत्री दिलीप कुमार जैन, सदस्य गण संतोष कुमार जैन बलियत, संतोष कुमार जैन कलेक्शन, संजीव कुमार जैन पप्पू, नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनीष जैन अन्ना चौधरी, प्रियंक कुमार चौधरी, अंकित जैन भरसूला वाले आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा जैन जैन समाज के लिए एकमात्र छुट्टी महावीर जयंती की दी जाती है इस वर्ष इस छुट्टी को 30 मार्च के स्थान पर 31 मार्च कर देने से जैन समाज में तिथि परिवर्तन की मांग उठ रही है।



## तिलक उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री के भाई व कई पूर्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के बड़े भाई नारायण यादव दादा सहित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह 25 मार्च को राधौगढ़ विधानसभा के आरोन पहुंचे और यहां पर यादव परिवार के तिलक उत्सव फलदान कार्यक्रम में शामिल हुए उल्लेखनीय है कि आरोन ब्लॉक के ग्राम ककरुआ निवासी एव समाजसेवी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मां नर्मदा परिक्रमा बासी श्रीकिशन यादव की नातनी तथा शिवनन्दन सिंह यादव सरपंच की भतीजी एव जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामलला यादव की सुपुत्री साधना यादव की सगाई शिक्षक वीरेंद्र सिंह यादव शिक्षक जिला उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश राष्ट्रीय कर्मचारी संघ जिला विदिशा निवासी मूडरा रतनसी जिला विदिशा के पुत्र अजय यादव (जीएसटी इंस्पेक्टर) के साथ संपन्न होने पर दिनांक 25 मार्च को स्थानीय सूरज किरण गार्डन राधौगढ़ रोड पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामलला यादव द्वारा अजय यादव का तिलक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था



जिसमें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के बड़े भाई नारायण यादव दादा मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री एव विधायक जयवर्द्धन सिंह पूर्व मंत्री के एल अग्रवाल आर एन यादव प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष यादव महा सभा सहित सभी राजनीतिक पार्टियों के नेता गणमान्य नागरिक सामाजिक लोग शामिल हुए उल्लेखनीय है कि श्रीकिशन यादव का परिवार राधौगढ़ राजघराने के सबसे करीबी परिवारों में माना जाता हैं श्रीकिशन यादव मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एव राज्य सभा सांसद दिग्विजय सिंह के साथ मां नर्मदा परिक्रमा भी कर चुके हैं तथा मध्यप्रदेश के नेताओं के यहां पर अपना एक विशेष स्थान रखते हैं

### नगर परिषद आरोनः अक्षय तृतीया पर होगा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह सम्मेलन, आवेदन शुरू

**आरोन ।** मध्य प्रदेश शासन की जनकल्याणकारी 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना' के अंतर्गत आगामी अक्षय तृतीया, 19 अप्रैल 2026 को नगर परिषद आरोन द्वारा भव्य विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का विवाह शासन के सहयोग से संपन्न कराया जाएगा। नगर परिषद प्रशासन ने जानकारी दी है कि सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए आवेदन जमा करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। योजना का लाभ लेने के इच्छुक सभी पात्र हितग्राही समय सीमा के भीतर अपने आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ नगर परिषद कार्यालय में जमा कर सकते हैं।योजना का लाभ लेने हेतु मुख्य जानकारीःआयोजन तिथिः 19 अप्रैल 2026 (अक्षय तृतीया)पात्रताः वधू की आयु 18 वर्ष और वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है।आवश्यक दस्तावेजः वर-वधू की फोटो, समग्र आईडी, आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र (अंकसूची या जन्म प्रमाण पत्र) एवं निवास प्रमाण पत्र।अंतिम तिथिः आवेदनों के सत्यापन हेतु निर्धारित समय सीमा से पूर्व कार्यालय में संपर्क करें।नगर परिषद ने अपील की है कि अधिक से अधिक पात्र परिवार इस योजना से जुड़कर शासन की इस महत्वपूर्ण पहल का लाभ उठाएं।

## जिले में रबी उर्पाजन का कार्य 07 अप्रेल से, 42 पंजीयन केन्द्र बनाए गए, 16798 किसानों ने

अशोकनगर। जिले में रबी उर्पाजन का कार्य 7 अप्रेल से प्रारंभ हो रहा है। गेहूं की खरीदी के लिए जिले में 42 पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं। जिले में खरीदी केन्द्रों पर गेहूं के विक्रय के लिए 16798 किसानों ने पंजीयन कराया है।

कलेक्टर साकेत मालवीय ने बताया कि उपार्जन हेतु जिले में 26 गेंहू उपार्जन केन्द्र बनाये गये है। शासन द्वारा गेंहू का न्यूनतम समर्थन मूल्य रू. 2625 (बोनस सहित) निर्धारित किया गया है। साथ ही उपार्जन केन्द्रों पर गेंहू उपार्जन की गुणवत्ता, शासन द्वारा नियत संसाधन एवं कृषकों की मूलभूत सुविधाएं हेतु कराने के लिये सभी उपार्जन केन्द्रों पर नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। साथ ही उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ हो गया है।

इस अभियान में विभिन्न विभागों द्वारा कार्य किया जा रहा है।



साथ ही शासकीय/निजी भवनों में रेन वाटर हार्वेसटिंग सिस्टम लगाया जाना सुनिश्चित करें जिससे वर्षा का जल संचय किया जा सके। साथ ही इस अभियान के तहत जिले में बावडियों की साफ सफाई एवं जीर्णउद्धार का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला पुराततविक एवं एतेहासिक जिला है, इस हेतु जिले के मल्हरागढ एवं कचनार के किले की साफ सफाई एवं जीर्णउद्धार के लिये कार्ययोजना बनाई जा रही है। जिले में पेट्रोल,डीजल एवं एलपीजी की उपलब्धता की जानकारी दी गई। जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जा रही है। जिसमें प्रथम चरण में (मकान सूचीकरण एवं मकान गणना) का कार्य किया जा रहा है। प्रेस कांफ्रेस में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिह, प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी प्रार्ची शर्मा, उपसंचालक कृषि अमित सिंह भदौरिया,मंडी सचिव भागीरथ अहिरवार एवं मीडिया बंधु उपस्थित थे।



### आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित

**अशोकनगर।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मध्यप्रदेश के तत्वधान में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अशोकनगर के अध्यक्ष कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में आयोजित अर्थक्वेक डिजास्टर रिस्क मैनेजमेंट का प्रशिक्षण एवं ध्वस्त संरचना खोज एवं बचाव दोनों प्रशिक्षण सभागार कलेक्टर कार्यालय में संचालित किए गए। जिला सेनानी राघवेंद्र शर्मा होमगार्ड अशोकनगर की उपस्थिति में प्लाटून कमांडर आशीष ऋषिस्वर एवं एसडीआरएफ जवानों द्वारा विभिन्न आपदा से बचाव की तरकीबों, अग्निशमन, भूकंप के सामाजिक, मनोवैज्ञानिक प्रभाव, अलार्मिंग प्रणाली, बचाव दल की भूमिका एवं कर्तव्य आदि के बारे में बतलाया गया एवं प्रैक्टिकल कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से पधारे प्राचार्य एनएसएस के सदस्य एनजीओ संचालक उपस्थित रहे।

**नगर में पुष्प वर्षा और आतिशबाजी के साथ निकली भव्य प्रभात फेरी**

## भक्ति के रंग में डूबा नगर, रामनवमी पर उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव राम नवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को नगर में भक्ति और उत्साह का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। स्थानीय मलखावनी बावड़ी स्थित प्राचीन जगदीश स्वामी मंदिर से एक विशाल एवं भव्य प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया।



### जगदीश स्वामी मंदिर से हुआ शंखनाद

प्रभात फेरी का शुभारंभ सुबह मलखावनी बावड़ी स्थित जगदीश स्वामी मंदिर से होकर यह यात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरी। पूरी प्रभात फेरी के दौरान वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान रहा। अंत में यह यात्रा पुनः जगदीश स्वामी मंदिर पहुँचकर संपन्न हुई।

### डीजे की धुन और ढोल-नगाड़ों पर थिरके भक्त

प्रभात फेरी का मुख्य आकर्षण भगवान श्री राम की मनमोहक और आकर्षक झांकी रही जिसके दर्शन के लिए सड़कों के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों और ढोल-नगाड़ों की थाप पर युवा, बच्चे और बुजुर्ग सभी झूमते- नाचते नजर आए। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

### सांप्रदायिक सौहार्द की दिखी मिसाल

नगर की इस प्रभात फेरी में गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे का अनूठा दृश्य देखने को मिला। जगह-जगह मुस्लिम समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का आत्मीय स्वागत किया। वहीं जैन समाज द्वारा भी विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार लगाकर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया। रामलीला मंच पर जैन समाज के प्रतिनिधियों ने भगवान श्री राम की आरती उतारी और विशेष पूजन कर धर्म लाभ लिया। पूरी यात्रा के दौरान नगरवासियों में भारी उत्साह देखा गया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई और कई स्थानों पर भव्य आतिशबाजी कर खुशियां मनाई गईं। विभिन्न संगठनों और स्थानीय लोगों द्वारा शीतल जल, शरबत और फल-प्रसाद का वितरण कर प्रभात फेरी में चल रहे भक्तों की सेवा की गई।

## चंद्रोदय बुद्ध विहार चंदेरी में महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया जिला अशोकनगर के तत्वाधान में चंद्रोदय बुद्ध विहार चंदेरी में महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई कार्यक्रम की शुरुआत बुद्ध वंदना के साथ हुई।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया मध्य प्रदेश के प्रदेश सचिव प्रकाश चंद्र बौद्ध ने कहा कि अखंड भारत बनाने की शुरुआत मौर्य वंश के संस्थापक चंद्रगुप्त मौर्य ने की थी और उसका विस्तार सम्राट अशोक ने अफगानिस्तान से लेकर श्रीलंका तक करके अखंड भारत का निर्माण किया। कलिंग युद्ध के बाद सम्राट अशोक का हृदय परिवर्तन हुआ और उन्होंने अस्त्र-शस्त्र त्याग कर बौद्ध धम्म की दीक्षा ली उन्होंने तब से युद्ध की बजाय धम्म नीति से शासन किया और जन कल्याणकारी कार्य किये। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि देवीलाल पिप्पल ने कहा कि सम्राट अशोक ने भारत में 84 हजार बुद्ध विहार और स्तूप बनवाये और शिलालेखों पर अपने आदेश और धम्म के नियम लिखवाये। कार्यक्रम की अध्यक्षता दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया जिला अशोकनगर के जिला अध्यक्ष जगन लाल बौद्ध ने कहा कि सम्राट अशोक ने प्रजा की भलाई के लिए सड़कों के किनारे पेड़ पौधे लगवाए पानी के लिए बावड़ियां बनवाई। और बौद्ध धम्म का प्रचार प्रसार पूरे भारत के साथ साथ विदेश में भी किया।

विश्व में नैतिकता शांति और अहिंसा के धम्म मार्ग का प्रचार प्रसार किया जिससे विश्व में शांति स्थापित हुई। कार्यक्रम का संचालन तहसील कोषाध्यक्ष संग्राम सिंह बौद्ध ने किया सम्राट अशोक के विचारों को सभी देशवासियों को मनाना चाहिए। पूरे विश्व में युद्ध की नीति को छोड़कर धम्म की नीति से शांति स्थापित होगी।



### भगवान श्रीराम का मनाया जन्मोत्सव मंदिरों की घटिंया बज उठीं, शंखनाद किया

**अशोकनगर।** प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव का पर्व शहर के राम मंदिरों में भक्ति भाव से मनाया गया। सुबह से पूजा अर्चना और भजनों का कार्यक्रम चलता रहा। दोपहर 12 बजते ही भगवान के जन्मोत्सव का पर्व मनाया गया। मंदिरों में शंखनाद हुए, घंटियां बजाई गईं, और भगवान श्री राम की जय जयकार की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसरों में नजर आई। इस दौरान भगवान को तरह तरह के व्यजंजनों से भोग लगाया। इस दौरान भगवान की आरती की गई, श्रद्धालुओं को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा, परिवार जन सामुहिक रूप से इन कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान भक्तों को आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। शहर के सराफा बजार हनुमान मंदिर, पुंडरीकाक्ष मंदिर, आसमानी माता मंदिर आदि स्थानों पर भगवान के जन्मोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, पूरे दिन मंदिरों में भजन संध्या, रामायण के पाठ किए गए, कीर्तन और राम भक्ति के आयोजन चलते रहे। इस दौरान भगवान के विशेष श्रंगार किए गए थे। मंदिर के पुजारी द्वारा विधि विधान और मंत्रोच्चार के साथ भगवान के जन्मोत्सव का कार्यक्रम मंदिरों में आयोजित किए गए।

**भव्य महाआरती के साथ नवरात्रि का समापन**

## मां जागेश्वरी शक्तिपीठ पर भक्ति का महासंगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

आस्था, शक्ति और अटूट विश्वास के केंद्र ऐतिहासिक धार्मिक तीर्थ स्थल जगत जननी मां जागेश्वरी माता मंदिर में बुधवार को चैत्र नवरात्रि पर्व का अत्यंत गरिमामय समापन हुआ। नौ दिनों तक चली मां शक्ति की विशेष आराधना के अंतिम दिन शाम 6 बजे जब मां की भव्य महा आरती हुई, तो पूरा मंदिर परिसर माता के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस अलौकिक दृश्य के साक्षी बनने के लिए श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा।



### 11 किलो की महाआरती और 5 किलो घी का अर्पण

मंदिर के पुजारी ने बताया कि नवमी के दिन होने वाली इस महाआरती का स्वरूप और महत्व दोनों ही अद्वितीय हैं। यह महाआरती लगभग 11 किलो वजन की होती है, जिसमें 5 किलो शुद्ध घी का उपयोग किया जाता है। स्नान के उपरांत पुजारी द्वारा की जाने वाली यह आरती न केवल आंखों को सुकून देती है, बल्कि मन को असीम शांति प्रदान करती है।

### अष्टमी पर संपन्न हुई महानिशा पूजा

नवरात्रि के पावन अवसर पर अष्टमी की रात्रि को मंदिर में विशाल हवन और यज्ञ का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी जुग्गे महाराज ने जानकारी दी कि अष्टमी का यज्ञ महानिशा पूजा के रूप में जाना जाता है। यह पूजन जागृत और गुप्त, दोनों नवरात्रियों में फलदायी है। साधक और उपासक मां की आराधना आदि-दैविक और भौतिक व्याधियों के विनाश हेतु करते हैं। नवरात्रि के इन नौ दिनों में मां जागेश्वरी के दरबार में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्त अपनी मनोकामनाएं लेकर दूर-दराज के क्षेत्रों से माता के चरणों में शीश नवाने पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना के दो मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में दहेज प्रताड़ना के दो मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम बांकलपुर निवासी संजना अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष की ओर से पति धर्मेन्द्र अहिरवार सास कलावाई और ससुर मुकेश अहिरवार द्वारा दहेज की मांग पर से उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया। जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत बगोईया जिला शिवपुरी निवासी भावना लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से पति छोटू लोधी, ससुर मेहरवान सिंह लोधी, सास सूरजबाई व जेठ देवेन्द्र लोधी द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### शिक्षकों को नहीं मिला फरवरी माह का वेतन

**अशोकनगर।** जिले के शिक्षकों का फरवरी माह का वेतन मार्च के अंत तक भी नहीं मिलने से आक्रोशित शिक्षक उत्थान संघ ने कलेक्टर के नाम संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन दिया। कलेक्टर जीरो बजट पर वेतन भुगतान की स्वीकृति देकर शिक्षकों का वेतन भुगतान कराएं। समय पर वेतन भुगतान न होने के कारण शिक्षकों के लोन के चैक बाउंस हुए जिससे शिक्षकों पर पेनल्टी लगी और सिविल खराब हुई। शिक्षक अपनी आर्थिक आवश्यकताओं के लिए परेशान हैं। मध्यप्रदेश राज्य शिक्षक उत्थान संघ मांग करता है कि शिक्षकों को शासनादेशानुसार हर माह की एक तारीख़ को वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। अब तक के सेवाकाल में यह शिक्षकों के लिए सबसे बुरा दौर है जिसमें महीनों तक शिक्षकों को वेतन नहीं मिल रहा टीईटी परीक्षा के बहाने शिक्षकों को नौकरी से बेदखल करने की तैयारी चल रही है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खाईखेडा निवासी धर्मेन्द्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रमेश और महेन्द्र अहिरवार आरोपी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मेडकील रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छीपौन निवासी महेश चंदेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामवीर और बल्ला कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरेसरा निवासी दिलीप रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नवीन रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीठला निवासी देवेन्द्र राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जितेन्द्र राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पचबावड़ी निवासी कृष्णाबाई जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विजय जाटव, बसोरा जाटव, महेन्द्र जाटव और रामसखी बाई जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोहरी निवासी बबलू लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नीरज और रीना सेठी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से रीना सेठी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गुडडू, बल्लू,सुनील और विनीता लोधी ने उससे मारपीट की और डंडे से उसकी बाईक को तोड दिया।

### प्रधानमंत्री सड़क रिन्यूअल को अधूरा छोड़ भागा ठेकेदार

**मुंगावली।** प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत अमनचार रोड से पठारी तक रोड निर्माण के बाद सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी जिसके बाद सड़क निर्माण कार्य रिन्यूअल कराया जा रहा था। लेकिन निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा सड़क का आधा हिस्सा छोड़कर काम रोक दिया गया है जिससे आवागमन बाधित हो रहा है सड़क पर जगह जगह गड्ढे हो रहे है जिसके वाहन चालकों को काफ़ी परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है।

### भव्य चल समारोह में धर्म की धार्मिक आभा देखने को मिली

# मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की रथ यात्रा शहर की सड़कों पर निकली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जन जन के आराध्य प्रभु श्रीराम भारत की आत्मा में वसते हैं, रामनवमी का मौका हो तो शहर के श्रद्धालु प्रभु श्रीराम की भक्ति में डूबे देखे गए, रामनवमी के अवसर पर पूरा शहर राममय होता नजर आया। सुबह से ही शहर के मंदिर जन आस्था के केन्द्र बने रहे। दोपहर में भगवान की भव्य शोभायात्रा निकली, प्रभु श्रीराम शहर के भ्रमण पर निकले, जगह-जगह श्रद्धुलओं ने जन-जन के आराध्य प्रभु श्रीराम की आरती उतारी। भक्ति भाव से शहर की सड़कों पर निकले इस चल समारोह में शामिल लोगों का अनेक संस्थाओं ने स्वागत किया।

अशोकनगर शहर धार्मिक पर्व उत्साह पूर्वक मनाने के लिए जाना जाता है। देवी मां की नौ दिनों तक की जाने वाली आराधना के बाद राम नवमी का पर्व प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया गया। शहर के राम दरवारों में प्रभु श्रीराम के भक्तों ने सुबह से ही मंदिरों में पहुंचकर भगवान राम की जय-जयकार की, आराधना और उपासना के आयोजन हुए, श्रद्धालुओं ने भगवान के दरबार में बैठकर घंटों आराधना की, राम भक्ति का अनुपम उदाहरण पेश किया। शहर के राम दरबारों में आसमानी माता मंदिर,





रघुवंशी शिक्षा परिषद का राम दरवार, मंशापूर्ण हनुमान मंदिर का राम दरबार, सर्राफा बाजार हनुमान मंदिर का राम दरबार, शिव टोरिया का राम दरबार के साथ शहरभर के राम दरबारों में श्रद्धालु पहुंचे। यहां देर रात से ही कार्यक्रमों की शुरूआत हो चली थी।

जैसे कि परम्परा है उसी के अनुसार श्री हनुमान ट्रस्ट के सर्राफा बाजार मंदिर पर सुबह से ही भगवान की भक्ति का कार्यक्रम आयोजित किया गया, दोपहर में भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। दोपहर 3 बजे भगवान का चल समारोह भक्ति भाव से निकाला गया। भक्त नाचते-गाते हुए देखे गए, उपस्थितजनों में अद्भुत उत्साह देखा गया। प्रभु के जन्म का यह उत्सव देखने के लायक था।

दोपहर ढलते ही शाम 3 बजे प्रभु श्रीराम को चांदी के विमान में मंदिर के अंदर से विराजमान कर जय-जयकार करते हुए मंदिर के बाहर सजाए गए रथ में लाकर विराजमान किया गया। इस रथ को अनेक श्रद्धालु मानवरथ के रूप में भगवान के इस विमान को ले जाते हुए देखे गए जिसमें श्रद्धालुजन शामिल हुए। इस मौके पर चल समारोह शुरू होने के पहले मंदिर के पुजारी द्वारा आरती कराई गई और इस चल समारोह के सफलता की कामना की गई। इसके बाद यह चल समारोह सदर बजार होते हुए सुभाषगंज पहुंचा। चल समारोह में जहां अग्रवाल समाज द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई और भगवान श्रीराम की आरती कर पूजा अर्चना की गई, श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया।

जैसे-जैसे यह चल समारोह आगे बढ़ता गया वैसे-वैसे भीड़ इस आयोजन का हिस्सा बनती देखी गई। स्टेशन रोड़ पर गहोई वैश्य पंचायत ने आरती की और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया, स्टेशन मार्ग से गांधी पार्क तक जगह-जगह पुष्प बर्षा की और भगवान की आरती उतारी। गांधी पार्क पर रघुवंशी युवा संघ ने विधायक जगन्नाथ सिंह रघुंवशी के साथ रघुवंशी समाज के अध्यक्ष की उपस्थिति में भगवान की आरती उतारी और उपस्थितजनों द्वारा जयघोष किया। गांधी पार्क पर अग्रवाल समाज पंचायत के सदस्यों ने भी राम नवमी चल समारोह का स्वागत किया। यह चल समारोह गुरूद्वारा मार्ग होते हुए मिलन चैराहा, पुराना बस स्टैण्ड, विदिशा रोड़, लम्बरदार मोहल्ला से होते हुए नगेश्री चैराहा, सुराना चैराहा की ओर रवाना हुआ जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा प्रभु की पूजा अर्चना की गई और चल समारोह में उपस्थित श्रद्धालुओं को एक दूसरे को प्रभु के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं और बधाईयॉ दी। विहिप के कार्यकर्ता भी इस चल समारोह में देखे गए।



# कट्टा दिखाकर बाइक लूटने वाले आरोपी धराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के देहात थाने के अंतर्गत नारायणपुर और पिपरई मार्ग पर दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की गई लूट की घटना के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कटटा दिखाकर बाईक लूटने और मोबाइल छीनने के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों से कटटा व लूटा गया सामान बरामद किया है। मोबाइल खरीदने वाले की पुलिस तलाश कर रही है।

पूरे मामले की कहानी यह है कि 26 मार्च को फरियादी बड़े राजा यादव पुत्र मुंशीलाल यादव उम्र 23 साल निवासी ग्राम करमई ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24 मार्च की शाम करीब 7 बजे अपनी प्लेटीना मोटर साईकिल क्रमांक एमपी67 जेडई 8221 कीमती करीबन 75 हजार रूपये को छपराई व नारायणपुर के बीच पिपरई रोड पर दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कट्टा दिखाकर लूट लिया गया है। इसी प्रकार उक्त दिनांक को ही फरियादी अमन पुत्र जगन्नाथ जाटव उम्र 19 साल निवासी माता मंदिर के पास पठार मोहल्ला अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका मोबाइल रियलमी 15टी कीमती करीबन 23000 रूपये को दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा भडूली रोड पर छीन लिया गया है। जिसे लेकर भी पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

उक्त घटनाओं को लेकर 26 मार्च को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि परासरी-रिजौदा रोड़ पर कोई गंभीर बारदात करने की नियत से अपने पास 315 बोर के कट्टे व दो जिंदा कारतूस लेकर घूम रहा है। इस सूचना पर से पुलिस ने आरोपी कृष्णपाल उर्फ गोंदा पुत्र पर्वत सिंह परिहार उम्र 24 साल नि० ग्राम छपराई माफी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से उक्त 315 बोर का कट्टा मय जिंदा कारतूस के जप्त किया गया एवं आरोपी के विरुद्ध अवैध रूप से हथियार पाये जाने पर धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी कृष्णपाल उर्फ गोंदा ने पुलिस पूछताछ में अपने साथी धर्मवीर परिहार नि० छपराई के साथ मिलकर 24 मार्च को फरियादी बड़े राजा यादव से उक्त मोटर साइकिल एवं फरियादी अमन जाटव से उक्त मोबाईल छीनना बताया। आरोपी की निशानदेही पर लूट की गई मोटर साइकिल को जप्त किया गया एवं आरोपी कृष्णपाल एवं धर्मवीर द्वारा झपटमारी कर छीने गये मोबाईल को आरोपी रामवीर परिहार निवासी छपराई को एक हजार रूपये में बेचने पर आरोपी रामवीर परिहार से मोबाईल जप्त कर प्रकरण में धारा 317(2) बीएनएस इजाफा की गई।

## हड़ताल की भेंट चढ़ी मेले की व्यवस्था, कचरे के अंबार से श्रद्धालु और दुकानदार बेहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में इन दिनों नगर पालिका के सफाई कर्मियों की अनिश्चित कालीन हड़ताल ने शहर और प्रसिद्ध मेले की सूरत बिगाड़ कर रख दी है। मेले में जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर न केवल श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुँचा रहे हैं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बड़ा खतरा बन गए हैं।

सफाई कर्मियों की हड़ताल के पीछे कई गंभीर माँगें हैं। कर्मचारियों का कहना है कि पिछली हड़ताल के दौरान काटा गया वेतन वापस दिया जाए। विनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की प्रक्रिया पूरी हो। सफाई शाखा को ठेके पर दिए जाने के निर्णय का कर्मचारी पुरजोर विरोध कर रहे हैं।

### सफाई कर्मचारियों को मनाने प्रशासन का अमला पहुंचा

देर शाम 6:30 बजे चंदेरी के एसडीएम मनीष धनगर, तहसीलदार दिलीप दरोगा, एसडीओपी महेश शर्मा, थाना प्रभारी प्रशांत यादव और नगरपालिका के पार्षद सफाई कर्मचारियों से चर्चा करने पहुंचे। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को पूरा करने की मांग की। लेकिन सफाई कर्मचारी अपनी मांगों पर अड़े रहे। जिसके कारण कोई सहमति नहीं बन पाई है। मेले के दुकानदारों से चर्चा के दौरान एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। दुकानदारों का कहना है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने माइक पर यह घोषणा की थी कि जो दुकानदार खुद सफाई करेगा, उसकी इज्जत खराब होगी और वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इस कथित धमकी या चेतावनी के डर से दुकानदार अपनी दुकानों के सामने झाड़ू लगाने से बच रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि वे यहाँ व्यापार करने आए हैं, किसी विवाद में पड़कर अपना अपमान नहीं कराना चाहते।

### हवा में उड़ता कचरा और प्रशासन की चुप्पी

मेले में चारों तरफ कचरा हवा में उड़ रहा है, जिससे खाने-पीने की दुकानों और दर्शनार्थियों को भारी परेशानी हो रही है। आम नागरिकों का कहना है कि एक ओर प्रशासन मेले के भव्य आयोजन का दावा करता है,वहीं दूसरी ओर बुनियादी सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। यदि समय रहते नगर पालिका प्रशासन ने कर्मचारियों से संवाद कर बीच का रास्ता नहीं निकाला, तो स्थिति और भयावह हो सकती है। प्रशासन को इस माइक वाली धमकी के विषय में भी जांच करनी चाहिए ताकि दुकानदार निडर होकर अपने परिसर को स्वच्छ रख सकें।

# कदवाया में कलेक्टर मालवीय का दौरा, ऐतिहासिक मंदिरों और विकास कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





आज ग्राम कदवाया में जिला कलेक्टर साकेत मालवीय का दौरा अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। कलेक्टर के आगमन पर उन्होंने सर्वप्रथम मां बीजासन देवी के दरबार में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा नवरात्रि मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कन्या पूजन भी किया।

मेले की व्यवस्थाओं के निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन योजना के अंतर्गत गढ़ी परिसर में साफ-सफाई अभियान में सहभागिता की तथा वहां स्थित प्राचीन बावड़ी की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके उपरांत कलेक्टर ने कदवाया में स्थित लगभग एक हजार वर्ष प्राचीन 15 ऐतिहासिक मंदिरों का लगातार भ्रमण कर बारीकी से निरीक्षण किया। यह उल्लेखनीय है कि अब तक के इतिहास में पहली बार किसी कलेक्टर द्वारा कदवाया के सभी मंदिरों का एक ही दिन में विस्तृत अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने मंदिरों के इतिहास एवं पुरातात्विक महत्व को समझने हेतु पर्यटन की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंदिर परिसरों में साफ- सफाई, पेयजल एवं शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु केंद्रीय पुरातत्व विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया। साथ ही मंदिरों के बाहरी क्षेत्रों की स्वच्छता व्यवस्था के लिए ग्राम पंचायत को आवश्यक निर्देश दिए। दौरे के क्रम में कलेक्टर ग्राम की गौशाला पहुंचे, जहां उन्होंने गायों को चारा खिलाया तथा "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया। इसके पश्चात ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुंचकर विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की एवं सरपंच तथा सचिव को योजनाओं के बेहतर संचालन हेतु दिशा-निर्देश दिए। साथ ही ग्राम में पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाएं एवं बुनियादी आवश्यकताएं विकसित करने के निर्देश भी दिए। ग्राम पंचायत के निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने समीप स्थित प्रसूति केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने समीपस्थ ईदौर ग्राम का भी दौरा किया, जहां उन्होंने प्रसिद्ध सास-बहू की बावड़ी का निरीक्षण कर उसे जल गंगा संवर्धन योजना में शामिल करने के निर्देश दिए। यह बावड़ी स्थानीय मान्यता के अनुसार दो भागों में विभाजित है, जिन्हें सास और बहू की बावड़ी के रूप में जाना जाता है। साथ ही वहां स्थित गरगज मंदिर को राज्य पुरातत्व विभाग में शामिल कराने हेतु एसडीएम ईसागढ़ को प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में स्थित प्राचीन भीमसेन हनुमान प्रतिमा का अवलोकन कर स्थानीय इतिहास एवं विरासत के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने, स्थानीय गाइड विकसित करने तथा पर्यटन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान कलेक्टर के साथ जिपं सीईओ राजेश जैन, एसडीएम ईसागढ़ त्रिलोचन गौड़, तहसीलदार ईसागढ़ रितु परमार, पुरातत्वविद हेमंत दुबे आदि रहे मौजूद।

### कई पेट्रोल पंप सूने पड़े, किसी भी पंप पर नहीं लिखा कि स्टॉक है

# जिला मुख्यालय पर पेट्रोल पंपों पर वाहन चालकों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





इन दिनों ईरान-इजराईल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के कारण ईंधन गैस के बाद अब पेट्रोल पंपों पर डीजल और पेट्रोल की कतारे लग रही हैं। बीती रात को भी वाहन चालक परेशान होते रहे। शुक्रवार को दोपहर में एक पेट्रोल पंप पर दो पहिया वाहन चालकों की भीड़ लगी रही। जबकि कईं पेट्रोल पंपो पर न तो पेट्रोल था न डीजल था, पंप खुले थे लेकिन सूने पड़े रहे।

अशोकनगर शहर में अगर आपको पेट्रोल या डीजल खरीदना हो तो शहर में या तो राजाराम पन्नालाल का पुराना पंप है या फिर पुलिस विभाग का पंप है। मिटठूलाल हंसराज का कलेक्टर कार्यालय के सामने वाला पेट्रोल पंप बंद पड़ा है। रिलायंस पेट्रोल पंप भी बंद चल रहा है। हुकुम चंद सुमेरचंद पहले ही पेट्रोल पंप बंद कर चुके हैं। अब जबकि कई देशों के बीच युद्ध के हालात चल रहे हैं ऐसे में तरह तरह के आ रहे बयानों के बाद लोगों यह डर सताने लगा है कि उन्हें ईंधन गैस की तरह कहीं पेट्रोल और डीजल के लिए तो परेशान तो नहीं होना पड़ेगा। इसलिए पेट्रोल पंपों पर लोग कतारों में खड़े हैं। लोगों को दो-दो घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है।

स्थानीय पानी की टंकी के सामने शहर के सबसे पुराने पेट्रोल पंप पर दुपहिया वाहन चालकों की पूरे दिन भीड़ लगी रही, उन्हें अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा, यहां भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही थी। तारासदन स्कूल के सामने जो पेट्रोल पंप है वहां पर किसी डीलर का नाम भी नहीं लिखा है वहां मात्र दो कर्मचारी बैठे मिले, जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उनके यहां न पेट्रोल है न डीजल है। इसी प्रकार नायरा पेट्रोल पंप जो वायपास रोड़ पर है वहां भी किसी तरह का कोई पेट्रोलियम पदार्थ नहीं था। यह दोनों ही पंप सूने पड़े पाए गए, इन पंपो के बाहर किसी तरह की कोई सूचना नहीं थी कि पेट्रोल और डीजल है या नहीं। न कोई रेट लिस्टे लगीं हैं न ही किसी तरह का कोई स्टॉक लिखा जाता है। यह किसी एक पंप की स्थिति नहीं है शहर में और आसपास जितने भी पंप है उन सभी की यहीं स्थिति है। इन पंपों पर प्रतिदिन की तारीख भी अंकित होना चाहिए। इन पंपो का न तो कोई निरीक्षण किया जाता है और न ही इस तरह की कोई हिदायतें दी गई हैं। प्रत्येक पेट्रोल पंप से इस तरह का रिकार्ड खाद्य विभाग को मंगाया जाना चाहिए। यही स्थिति गैस एजेंसियों के मामले में होना चाहिए।

### पेट्रोल पम्प संचालकों की बैठक आयोजित की गई



कलेक्टर साकेत मालवीय ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पेट्रोल पम्प संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि जिले में पेट्रोल डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। साथ ही आमजन को वाहनों में पेट्रोल, डीजल आसानी उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करें। पेट्रोल, डीजल वितरण में पेट्रोल पम्प संचालक किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो यह सुनिश्चित करे। जिले को पेट्रोल, डीजल की आवक पूर्व की तरह है। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिह, प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी प्राची शर्मा आदि रहे मौजूद।

### कालातीत ऋण वाले किसानों की सूची तैयार करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

# कृषि ऋण लेकर जमा नहीं करने वाले किसान नहीं बेंच पाएंगे अपनी जमीन

## वसूली प्रक्रिया भी बढ़ाने के हुए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




जिला सहकारी बैंक एवं उससे जुड़ी विभिन्न शाखाओं एवं समितियों से सालों पहले लोन लेकर उसे अब तक न चुकाने वालों के लिए यह खबर गंभीर हो सकती है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने जिले के ऐसे सभी किसानों, व्यक्तियों की सूची तैयार करने के निर्देश सीसीबी के जिम्मेदारों को दिए हैं, साथ ही तल्ख निर्देश प्रदान किए कि डिफाल्टर किसानों की कृषि भूमियों पर बकाया ऋण राशि खसरे में दर्ज करें ताकि उन जमीनों को बेचने की स्थिति में रजिस्ट्री न हो पाए।

जिलाधीश ने डॉ. मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सहकारी संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिला सहकारी बैंक से जुड़े कालातीत (डिफाल्टर) किसानों की विस्तृत सूची तैयार कर संबंधित खसरा अभिलेखों में दर्ज करने के निर्देश दिए, ताकि बकाया राशि की वसूली की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जा सके।

### किसी ने खरीद ली महंगी कारें तो किसी ने तानी बिल्डिंग

जिला सहकारी बैंक से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतर किसानों ने अपनी जमीनों पर लोन कृषि ऋण के रूप में लिया लेकिन उन्होंने लोन राशि का उपयोग उस मद में किया ही नहीं। सूत्रों के अनुसार किसी कृषक ने या तो लग्जरी कारें खरीद लीं या फिर बड़ी-बड़ी बिल्डिंगे तानकार अब उक्त लोन राशि को भरने के मूड में नहीं है। करीब 50 करोड़ से अधिक की लोन राशि जिले के विभिन्न किसानों के नाम दर्ज है जो उन्होंने लेने के बाद जमा ही नहीं करवाई।

### वित्तीय अनियमितता करने वालों पर दर्ज करवाएं एफआईआर

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीसीबी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे किसानों की जानकारी राजस्व अभिलेखों में अंकित होने से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि वसूली कार्यवाही में भी तेजी आएगी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सुस्तानी सोसायटी में वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विस्तृत जांच के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जांच में यदि किसी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधित दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज की जाए।

### वसूली में बढ़ाएं तेजी

इसके साथ ही कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिले की सभी सहकारी समितियों, जहां ऋण की बकाया राशि अधिक है, वहां विशेष अभियान चलाकर वसूली कार्य को तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वसूली कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सहकारी संस्थाओं का संचालन पारदर्शी एवं जवाबदेह तरीके से किया जाए, जिससे किसानों को समय पर लाभ मिल सके और वित्तीय अनुशासन बना रहे।

### नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

# निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में आए 21 दूल्हों का घोड़ों से निकाला जुलूस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर के ढकोरा रोड स्थित श्री संकट मोचन वीर हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में रामनवमी के अवसर पर 21 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। मंदिर समिति ने सेवा और समर्पण की एक अनुपम मिसाल पेश करते हुए शुक्रवार को 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करवाया। पूरी तरह निःशुल्क आयोजित इस सम्मेलन में सर्वधर्म समभाव और सामाजिक समरसता का नजारा देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह शहर के बस स्टेंड स्थित श्री वैष्णो देवी माता मंदिर से हुई। जहां से दूल्हों 21 को घोड़ों पर सवार कर भव्य चल समारोह प्रारंभ किया। यात्रा गाजे-बाजे और ढोल-धमाकों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई सम्मेलन स्थल ढकोरा रोड पहुंची। इस बीच यात्रा का शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। ब्यावरा की सड़कों पर उत्साह का माहौल रहा और लोग इस पुण्य कार्य के साक्षी बने।

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बंधे परिणय सूत्र में

सम्मेलन स्थल पर विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह की रस्में पूर्ण कराई गईं। समिति द्वारा नवदंपत्तियों के लिए भोजन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी थीं। समिति का उद्देश्य उन परिवारों की सहायता करना है जो आर्थिक कारणों से भव्य आयोजन करने में असमर्थ हैं। यह आयोजन पूरे शहर के सहयोग से सफल हुआ है।

### समिति सदस्य से सजी नई गृहस्थी

निःशुल्क सम्मेलन होने के बावजूद समिति और स्थानीय दानदाताओं की ओर से नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का आवश्यक सामान भेंट स्वरूप दिया गया ताकि वे अपने नए जीवन की शुरुआत सुगमता से कर सकें। यह आयोजन न केवल फिजूलखर्ची रोकने का संदेश देता है, बल्कि समाज के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का भी बोध कराता है। देर शाम तक चले इस मांगलिक उत्सव में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### कलाकारों ने दिखाए अखाड़े के करतब

# श्रीराम नवमी पर निकला चल समारोह, भक्तिमय हुआ शहर



**खुजनेर।** श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को फूलमाली समाज द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रभु भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया। इस अवसर पर शहर में भव्य चल समारोह निकाला गया, जिससे पूरे नगर को भक्तिमय माहौल में रंग दिया। समारोह में भगवान श्रीराम की आकर्षक और भव्य झांकी प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही बजरंग अखाड़ा के कलाकारों और छोटी बालिकाओं ने हैरतअंगेज अखाड़ा करतब प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। श्रद्धालुजन श्रीराम के भजनों और गीतों पर झूमते-गाते हुए पूरे मार्ग में शामिल रहे। चल समारोह माताजी मोहल्ले से प्रारंभ होकर राजगढ़ चैराहा, शिवाजी बाजार, झंडा पीपल, मस्जिद चैक, पुराना थाना, इमली बाजार और जीरापुर रोड होते हुए खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचा। जहा महाआरती कर महाप्रसादी वितरण की गई। इस बीच नगर में चल समारोह का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

### मंदिरों में हुए विशेष आयोजन

राम नवमी के अवसर पर नगर के मंदिरों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। खेड़ापति हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान जी का भव्य श्रृंगार कर महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। वहीं मस्जिद चैक स्थित श्री चरण दास जी मंदिर में रामलला के जन्मोत्सव पर दिव्य श्रृंगार, महाआरती एवं छप्पन भोग के दर्शन का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।पूरे आयोजन के दौरान शहर में उत्साह, भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

# गायत्री शक्तिपीठ पर चल रहे धार्मिक अनुष्ठान यज्ञ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नवरात्रि पर्व पर नगर के गायत्री शक्तिपीठ पर नवम दिन धार्मिक अनुष्ठान यज्ञ हवन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ संरक्षक विधायक हजारीलाल दांगी, ज्योत्सना दांगी ने सपरिवार सम्मिलित होकर यज्ञ में आहुतियां देकर सुख शांति समृद्धि क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। गायत्री शक्ति पीठ जीरापुर के लिए मंगल कामना करते हुए मंदिर जीर्णोधार और सामुदायिक भवन हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा विधायक द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि नगर में धार्मिक आयोजन का सिलसिला प्रतिदिन चलता है जिसमें हर धार्मिक स्थान पर महिलाओं की भागीदारी नजर आती है वर्तमान समय में धर्म के प्रति सबकी आस्था बढ़ रही है उससे सब कुशल है। मुख्य ट्रस्टी देवनारायण दांगी, परिवाचक रामनिवास, सूरजमल भावसार, प्रोफेसर राधावल्लभ गुप्ता, गिरीराज (सुमन) गुप्ता सहित अन्य महिला मंडल सदस्यों ने सम्मिलित होकर यज्ञ का लाभ लिया।

# मालाकार फूलमाली ने धूमधाम से मनाया रामनवमी पर्व, शोभायात्रा निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर के मालाकार फूलमाली समाज द्वारा रामनवमी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सभी समाजजन नगर के सामाजिक हिंगलाज माता मंदिर पर एकत्रित हुए जहां से शोभायात्रा नगर में निकाली गई। जिसमे एक आकर्षक भगवान राम की चलित झाकी सजाई गई थी। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी।जिसमें समाज के युवा वा महिला पुरुष भजनों की घुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। यात्रा का नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया।

बस स्टैंड चैराहे पर एक हार्वेस्टर शोभायात्रा के बीच में आ गया। जिसके कारण शोभायात्रा में व्यवधान उत्पन्न हुआ। साथ ही यह महिला व बच्चों के लिए भी दुर्घटना का कारण बन सकता था। इसमें पुलिस की लापरवाही नजर आई, एक महिला कांस्टेबल ही बच्चों और महिलाओं को हार्वेस्टर से दूर करती दिखी। जबकि पुरुष पुलिसकर्मी इन सबके बीच नदारत थे। शोभायात्रा नगर भ्रमण कर वापस हींगलाज माता मंदिर पहुंची जहां सभी समाजजनों ने पूजन आरती कर महाप्रसादि ग्रहण की।

# सेन समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया रामनवमी पर्व





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के मुखर्जी चौक स्थित सर्व सेन समाज मंदिर में रामनवमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह 9 बजे समाजजन मंदिर परिसर में एकत्रित हुए और मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूरे वातावरण में भक्ति और आस्था का विशेष माहौल बना रहा। दोपहर 12 बजे पंडित मुकेश द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए प्रभु श्रीराम के जयकारों से मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष अखिलेश चौहान, वरिष्ठ समाजजन राधेश्याम चौहान, उमाशंकर पचलानिया, दिनेश चौहान, सुरेश चौहान, जुगल चौहान, यशवंत चौहान (नाना), निलेश चौहान, मयंक चौहान, दिव्यांश चौहान और शौर्य चौहान सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ एवं युवा सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का वितरण किया गया। आयोजन में समाज की एकता और धार्मिक आस्था का सुंदर उदाहरण देखने को मिला।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया श्रीराम जन्मोत्सव महाआरती के बाद दी गई बधाईयां

नगर के श्रीराम मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के प्रसिद्ध कपिलेश्वर धाम स्थित राम नाम बैंक रामायण मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान कापिलेश्वर के पूजन एवं अभिषेक से हुई। इसके पश्चात संकट मोचन हनुमान मंदिर एवं नगर के शनिदेव मंदिर में भी विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम की महाआरती उतारी गई। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को बधाइयां दीं और प्रसाद वितरण किया गया।

# भैंसवामाता में महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ श्रीराम कथा विश्राम, श्रद्धालुओं ने ली प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरंगपुर



मालवांचल के प्रसिद्ध देवी शक्ति पीठ माता बिजासन भैंसवा माता के धाम पर गुड़ी पड़वा के पावन अवसर से चैत्र नवरात्र में शुरू हुए 108 कुंडिय श्री शतचंडी महायज्ञ का शुक्रवार को विधिवत यज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। गुरुवार को जहां महाअष्टमी को विशेष आहुतियां यजमानों द्वारा दी गई थी तो दूसरी ओर शुक्रवार रामनवमी के अवसर पर महायज्ञ की पूर्णाहुति सम्पन्न हुई।

जिसमें राज्य मंत्री गौतम टेटवाल सांसद रोडमल नागर, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर,पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय वा अन्य गणमान्य नागरिक बंधुओं के साथ सभी एक सो आठ कुंड यजमान जोड़े और प्रधान यजमान सत्यनारायण माहेश्वरी परिवार सहित समिति के सभी सदस्य माता बिजासन पुजारी परिवार सदस्य शामिल हुए। यज्ञाचार्य पंडित इंद्रजीत पाराशर यज्ञाचार्य पंडित संजय कृष्ण व्यास सहित सभी सैकड़ा भर कुंडाचार्य एवं ग्रामचार्य ओम पाठक द्वार विशेष पूजन सम्पन्न कराई गई। वहीं प्रसिद्द कथावाचक प्रेममूर्ति प्रेमभूषण महाराज अयोध्या धाम के मुखारबिंद से पिछले नो दिनों से चल रही रामकथा का विश्राम भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ सम्पन्न हुआ।

### 3 जुलाई को रवाना होगा अमरनाथ यात्रा का जत्था

**विदिशा।** श्री अमरनाथ मणिमहेश सेवा मंडल द्वारा वर्ष 2026 की अमरनाथ यात्रा की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। समिति पिछले 35 वर्षों से श्रद्धालुओं को यात्रा कराते हुए सेवा कार्य में सक्रिय है। संस्था के अनुसार प्रथम जत्था 3 जुलाई को ट्रेन संख्या 12919 मालवा एक्सप्रेस से रवाना होगा।

### नाम परिवर्तन

मै रोहित मीणा पिता :-श्री भानू प्रकाश [illegible] 18 वर्ष जाति- देशवाली निवासी- ग्र[illegible] बिलेहरी पोस्ट बडगनगर थाना कुरा[illegible] तहसील नरसिंहगढ जिला राजगढ म.प्र. [illegible] निवासी हूँ। मै शपथ पूर्वक सत्य कथन कर[illegible] हूँ कि मुझ शपथग्रहिता की मेरे आधार क[illegible] क्रं. 5790 8972 6181, में मेरा नाम रोहि[illegible] मीणा नाम अंकित है। जो गलत है। एवं मे[illegible] कक्षा 10वी की मार्कशीट आदि दस्तावेजो[illegible] मेरा नाम मोहित मीणा नाम अंकित है। [illegible] सही है मै शपथ पूर्वक सत्य कथन करता[illegible] कि मेरे द्वारा पेपर प्रकाशन करवाया जा [illegible] है मुझ शपथग्रहिता का आज दिनांक से रोहि[illegible] मीणा के स्थान पर मोहित मीणा के नाम [illegible] जाना जावे। मुझे मोहित मीणा के नाम से ज[illegible] जाने की पुष्टि हेतू मेरी ओर से यह शपथ [illegible] श्री मान के समक्ष प्रस्तुत है।

### पारायण समिति में भव्यता से मनाया गया श्रीराम का जन्मोत्सव

# दोपहर 12 बजते ही 'भए प्रकृट कृपाला' से गूंजा आसमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़





प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के पारायण चौक में श्री राम-जन्मोत्सव विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ उल्लास के साथ मनाया गया। दोपहर 12 बजते ही समूचा मंदिर परिसर श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा और भगवान की महाआरती आरंभ हुई। आयोजन में नगर के सैकड़ों श्रृद्धालु महिला, पुरुष, बच्चे शामिल हुए और धर्मलाभ लिया। राम-जानकी मंदिर की महाआरती में सम्मिलित होने के उपरान्त श्रृद्धालुओं ने सामने स्थित राधा-कृष्ण मंदिर एवं गिर्राजजी की भी पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। इसके उपरान्त मंदिर में आए प्रत्येक जन को विषेष प्रसादी एवं चरणामृत का वितरण करवाया गया।

### नगर के अन्य मंदिरों में भी मनाया राम जन्मोत्सव

पारायण समिति स्थित राम-जानकी मंदिर सहित नगर स्थित अन्य मंदिरों, देवालयों में भी दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया गया। प्रत्येक मंदिर में विषेष साज-सज्जा के साथ आरती एवं धार्मिक अनुष्ठान उपरान्त भक्तों को प्रसादी का वितरण करवाया गया।

### रामकथा संपन्न, आज से आरंभ होगी श्रीमद् भागवत कथा

पारायण चौक में चल रही धार्मिक आयोजनों के तहत कल रामनवमी के साथ ही आठ दिनों से चल रही रामकथा का समापन हो गया। अब 28 मार्च को कलश-यात्रा निकाली जाएगी एवं भागवत कथा आरंभ होगी। पंडित प्रमोद नागर भक्तों को भागवत कथा का रसपान करवाएंगे। समिति पदादिकारीएवं सदस्यों ने नगरवासियों से सभी आयोजनों में उत्साह से भाग लेने का आगृह किया है। हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में अन्य बड़े आयोजन भी करवाए जाने की रूपरेखा अन्य समिति, संगठनों द्वारा की जा रही है।

ऐजेन्सी देना है / हरिभूमि

राजगढ़ जिले में खाली निम्न स्थानों सुठालिया, पचोर, करेड़ी, छापीहेड़ा, तलेन, और भी अन्य खाली स्थानों पर एजेंसी देना है।

विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करे

संतोष गोस्वामी जिला ब्यूरो चीफ

पता : गुना नाका, बांडी खाली, बंधन बैंक के सामने, फर्स्ट फ्लोर, ब्यावरा जिला (राजगढ़)

नोट: अखबार प्राप्त करने के लिए सम्पर्क करें 6268644011, 8770833858